दिनांक–24.09.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेषिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>

<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बाधा नहीं बल्कि एक पुल की तरह होना चाहिए।
- लोक सभा अध्यक्ष ओम बिडला ने विधायिकाओं की दक्षता और कामकाज में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा–जनजातीय समूह के युवाओं को पुलिस, सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**और**

- चेस ओलम्पियाड में भारतीय टीम की स्वर्णीम जीत। मुख्यमंत्री ने दी बधाई।

**अब समाचार विस्तार से:–**

<u>प्रधानमंत्री–बैठक</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ द फ्यूचर से अलग यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमिर जेलेंस्की के साथ बैठक की। उन्होंने आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान और वैटिकन होली–सी के विदेश मंत्री कार्डिनल पियेत्रो पेरोलिन के साथ भी बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी की वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम के साथ भी द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों नेताओं ने परस्पर सहयोग बढाने तथा वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। दोनों देशों के बीच सभ्यतागत और सांस्कृतिक संपर्क के महत्व की भी पुष्टि की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने वियतनाम में इस महीने आये तूफान यागी से हुए नुकसान पर सहानुभूति और एकजुटता व्यक्त की।

<u>प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र–भविष्य शिखर सम्मेलन</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बाधा नहीं बल्कि एक पुल की तरह होना चाहिए। आज संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक हित के लिए, भारत अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे को साझा करने के लिए तैयार है। श्री मोदी ने कहा कि सुरक्षित टेक्नोलॉजी और इसके जिम्मेदारी से किए गए इस्तेमाल के लिए संतुलन नियमन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसी वैश्विक डिजिटल गवर्नेंस चाहती है जिसमें संप्रभुता और अखंडता कायम रहे। श्री मोदी ने यह भी कहा कि मानवता की सफलता सामूहिक शक्ति मंए निहित हैं, युद्ध के मैदान में नहीं। शांति और सुरक्षा के खतरों पर उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है वहीं दूसरी ओर साइबर, समुद्र और अंतरिक्ष संघर्ष के नए मैदान के रूप में उभर रहे हैं। सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए हमें मानव कल्याण, भोजन और स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

<u>संसद–सम्मेलन</u>

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने कल नई दिल्ली में शुरू हुए दो दिवसीय 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ–सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन में विधायिकाओं की दक्षता और

कामकाज में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर दिया है। श्री बिडला ने विधायी निकायों से विभिन्न मंचों पर चर्चा करने और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाओं को तैयार करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास की दिशा में आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजना जन प्रतिनिधियों और विधायी निकायों की जिम्मेदारी है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के 46 पीठासीन अधिकारी, 25 अध्यक्ष और 14 उपाध्यक्ष सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का विषय "सतत और समावेशी विकास प्राप्त करने में विधायी निकायों की भूमिका" है।

सीपीए इंडिया रीजन 2004 में तत्कालीन सीपीए एशिया रीजन से सीपीए के नौ क्षेत्रों में से एक के रूप में बनाया गया था। वर्तमान में इसकी 31 सदस्य शाखाएँ हैं, जिनमें भारत की संसद और 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश विधानमंडल शामिल हैं। यह दूसरा अवसर है जब यह सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

## पीवीटीजी बटालियन–मुख्यमंत्री

जनजातीय समूह के इच्छुक युवाओं को पुलिस, सेना एवं होमगार्ड में भर्ती कराने के लिये इन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के युवाओं को रोजगार एवं सेवा से जोड़ने के लिये पीवीटीजी बटालियन बनाने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश में बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति पीवीटीजी समूह में आती हैं। इसी प्रकार आर्मड फोर्सेस में भर्ती के लिये प्रशिक्षण योजना में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के युवाओं को नेवी, आर्मी, एयरफोर्स, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य निजी सुरक्षा एजेन्सियों में भर्ती कराने के लिये इन्हें प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसके लिये कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## सरकार 100 दिन/किसान, नरसिंहपुर

केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरा होने पर नरसिंहपुर जिले के किसानों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2014 से जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ ही साथ पीएम आवास जैसी योजनाओं का लाभ भी किसानों को मिला है जिससे किसानों के जीवन स्तर में बदलाव आया है।

## आयुष्मान भारत योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से गरीब नागरिकों को बड़ी और गंभीर बीमारियों से उबरने और निरोग रहने की जो शक्ति मिली है, वो किसी संजीवनी से कम नहीं है। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नागरिकों से समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए प्रारंभ की गई ऐतिहासिक " आयुष्मान भारत योजना" के सफल क्रिन्यान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में लगभग 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। प्रदेश के एक करोड़ 8 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिल रहा है। अब तक 45 लाख प्रकरणों में उपचार सहायता भी दी जा चुकी है। मध्यप्रदेश योजना के क्रियान्वयन

में अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के लाखों परिवारों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। इस योजना का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी मिलेगा।

## चेस ओलम्पियाड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वुडापेस्ट में हुए 45वें चेस ओलम्पियाड में भारतीय पुरूष और महिला शतरंज खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय खिलाड़ियों की इस दोहरी स्वर्णिम सफलता पर कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने "बेस्ट चेस नेशन इन द वर्ल्ड" की उपाधि लेकर देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अथक परिश्रम, अद्वितीय प्रतिभा एवं टीम वर्क से ओलंपियाड में भारत को प्राप्त स्वर्ण पदक ने देशवासियों को आनंदित किया है। यह उपलब्धि नव प्रतिभाओं को प्रेरणा देती रहेगी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार्मिक भावनाओं और परम्पराओं के अनुरूप आने वाले नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के आयोजन के लिए प्रदेश के सभी देवालय एवं मंदिरों में यथायोग्य प्रबंधन करने के लिए जिला प्रशासन सक्रियता से कार्य करें।
- खण्डवा जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में संपूर्णता अभियान की प्रगति की ब्लॉकवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों से विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।
- धार सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगजन के अधिकार और कल्याण को बढावा देने के उद्देश्य से अंर्तराष्ट्रीय साईन लैंग्वेज दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दिव्यांगजनों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी गई।
- शिवपुरी जिले से 170 कृषकों के कृषक अध्ययन भ्रमण दल को उपसंचालक कृषि यू.एस.तोमर ने कल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

....................................